# विश्व का प्रथम 'पाँच देशों का बायोस्फीयर रिज़र्व'

drishtiias.com/hindi/printpdf/world-first-five-country-biosphere-reserve

### प्रिलिम्स के लिये:


यूनेस्को, यूरोपीय ग्रीन डील, बायोस्फीयर रिज़र्व

### मेन्स के लिये:

जैव विविधता के संरक्षण में बायोस्फीयर रिज़र्व का महत्त्व

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन** (यूनेस्को) द्वारा मुरा-द्रवा-डेन्यूब (Mura-Drava-Danube- MDD) को विश्व का प्रथम 'पाँच देशों का बायोस्फीयर रिज़र्व' (Five-Country Biosphere Reserve) घोषित किया गया है।




## प्रमुख बिंदु

- **MDD के बारे में:**
  - यह बायोस्फीयर रिज़र्व मुरा, द्रवा और डेन्यूब नदियों के 700 किलोमीटर के क्षेत्र और ऑस्ट्रिया, स्लोवेनिया, क्रोएशिया, हंगरी तथा सर्बिया में फैला हुआ है।
  - रिज़र्व का कुल क्षेत्रफल एक मिलियन हेक्टेयर है जिसे तथाकथित रूप से 'यूरोप का अमेज़न' (Amazon of Europe) कहा जाता है तथा यह अब यूरोप में सबसे बड़ा नदी संरक्षित क्षेत्र है।
  - बायोस्फीयर रिज़र्व ने **यूरोपीय ग्रीन डील** (जलवायु कार्य योजना) में अपना महत्त्वपूर्ण प्रतिनिधित्व किया और मुरा-द्रवा-डेन्यूब क्षेत्र में यूरोपीय संघ की जैव विविधता रणनीति के कार्यान्वयन में योगदान दिया।
    - इस रणनीति का उद्देश्य नदियों को (25,000 किमी) पुनर्जीवित करना है और वर्ष 2030 तक यूरोपीय संघ के 30% भूमि क्षेत्र की रक्षा करना है।
- **MDD का महत्त्व:**
  - प्रजातियों की विविधता के मामले में यह यूरोप के सबसे संपन्न क्षेत्रों में से एक है।
  - यह बाढ़ के मैदानों के जंगलों, बजरी और रेत के किनारों, नदी के द्वीपों, ऑक्सबो (यू-आकार की झील) और घास के मैदानों काक्षेत्र है।
  - यह क्षेत्र सफेद पूँछ वाले चील और लुप्तप्राय प्रजातियों जैसे- लिटिल टर्न, ब्लैक स्टॉर्क, ऊदबिलाव, बीवर और स्टर्जन के जोड़ों के प्रजनन हेतु यूरोप का उच्चतम सघन क्षेत्र है।
  - यह हर वर्ष यहाँ आने वाले 2,50,000 से अधिक प्रवासी जलपक्षियों का महत्त्वपूर्ण गंतव्य स्थान है।


## बायोस्फीयर रिज़र्व (BR)

- **परिचय**
  - बायोस्फीयर रिज़र्व (BR), यूनेस्को द्वारा प्राकृतिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों के सांकेतिक भागों के लिये दिया गया एक अंतर्राष्ट्रीय पदनाम है, जो स्थलीय या तटीय/समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों के बड़े क्षेत्रों या दोनों के संयोजन को शामिल करता है।
  - बायोस्फीयर रिज़र्व प्रकृति के संरक्षण के साथ आर्थिक एवं सामाजिक विकास तथा संबद्ध सांस्कृतिक मूल्यों के रखरखाव को भी संतुलित करने का प्रयास करता है।
  - बायोस्फीयर रिज़र्व को राष्ट्रीय स्तर पर सरकारों द्वारा नामित किया जाता है और वे उन राज्यों के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं जहाँ वे स्थित हैं।
  - इन्हें 'MAB अंतर्राष्ट्रीय समन्वय परिषद' (MAB ICC) के निर्णयों के बाद यूनेस्को के महानिदेशक द्वारा अंतर-सरकारी MAB कार्यक्रम के तहत नामित किया जाता है।
    - मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व प्रोग्राम (MAB) एक अंतर-सरकारी वैज्ञानिक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य लोगों और उनके वातावरण के बीच संबंधों में सुधार के लिये वैज्ञानिक आधार स्थापित करना है।
  - इनकी स्थिति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है।
  - वर्तमान में 131 देशों में 727 बायोस्फीयर रिज़र्व मौजूद हैं, जिनमें 22 ट्रांसबाउंड्री साइट भी शामिल हैं।
- **तीन मुख्य क्षेत्र :**
  - **कोर क्षेत्र (Core Areas) :** इसमें एक जटिल या सुभेद्य संरक्षित क्षेत्र शामिल है जो परिदृश्य, पारिस्थितिकी तंत्र, प्रजातियों और आनुवंशिक भिन्नता के संरक्षण में योगदान देता है।
  - **बफर क्षेत्र (Buffer Zone :** यह मुख्य क्षेत्र को चारों तरफ से संरक्षित करता है या जोड़ता है तथा इसका उपयोग ध्वनि पारिस्थितिक गतिविधियों को संतुलित करने हेतु किया जाता है जो वैज्ञानिक अनुसंधान, निगरानी, प्रशिक्षण और शिक्षा को सुदृढ़ कर सकते हैं।
  - **संक्रमण क्षेत्र (Transition Area):** संक्रमण क्षेत्र वह स्थान है जहाँ समुदाय सामाजिक- सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ आर्थिक एवं मानवीय गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

- **भारत में बायोस्फीयर रिज़र्व :**

  वर्तमान में भारत में 18 बायोस्फीयर रिज़र्व हैं, जिनमें से 12 बायोस्फीयर रिज़र्व यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व प्रोग्राम (Man and Biosphere Reserve Program) की सूची में शामिल हैं।

  मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व प्रोग्राम के तहत शामिल नवीनतम **'पन्ना बायोस्फीयर रिज़र्व'** (मध्य प्रदेश) था।




## स्रोत : डाउन टू अर्थ